FD-501

M.A. 3rd Semester
Examination, Dec.-Jan., 2021-22

HINDI

Paper - I

साहित्य के सिद्धान्त तथा आलोचनाशास्त्र

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. काव्य प्रयोजन से आप क्या समझते हैं? सविस्तार चर्चा कीजिए। 15

अथवा

साधारणीकरण से क्या तात्पर्य है? रस के साधारणीकरण पर विस्तार से विचार कीजिए।

2. ध्वनि सिद्धान्त की प्रमुख स्थापनाएँ लिखकर ध्वनि का स्वरुप स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

औचित्य सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए।

3. अरस्तू के विरेचन सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। 15

अथवा

लोंजाइनस की उदान्त तत्व की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

4. पाश्चात्य समीक्षा में मैथ्यू आर्नल्ड के योगदान पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

टी० एम० इलियट की काव्य सम्बन्धी मान्यताओं पर प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 2×5

(क) काव्य लक्षण

(ख) काव्य हेतु

(ग) रस निष्पत्ति

(घ) रीति सिद्धान्त

(ङ) वक्रोक्ति के भेद

(च) प्लेटो का काव्य सिद्धान्त

(छ) कॉलरिज का सिद्धान्त

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×10

(क) अलंकार सम्प्रदाय के प्रमुख आचार्य का नाम लिखिए।

(ख) अरस्तू के प्रसिद्ध ग्रंथ का नाम लिखिए।

(ग) अभिधा एवं व्यंजना में किसे श्रेष्ठ माना गया है ?

(घ) लोंजाइनस की प्रसिद्ध कृति का क्या नाम है ?

(ङ) टी० एम० इलियट का पूरा नाम क्या है ?

(च) विभाव कितने प्रकार के होते हैं ?

(छ) 'रीतिरात्मा काव्यस्थ' किस आचार्य का कथन है ?

(ज) प्लेटो के गुरु का नाम लिखिए।

(झ) 'कविता जीवन की आलोचना है।' यह कथन किसका है ?

(ञ) 'वक्रोक्ति जीवितम्' किस आचार्य की रचना है ?

(ट) 'ध्वनि को काव्य की आत्मा' किसने कहा है ?

(ठ) आचार्य विश्वनाथ का सम्बन्ध किस सम्प्रदाय से है ?

FD-502

M.A. 3rd Semester
Examination, Dec.-Jan., 2021-22

HINDI

Paper - II

भाषा विज्ञान

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. ''भाषा विचारों और भावों के आदान प्रदान का माध्यम है।'' इस कथन की तर्कसम्मत विवेचना कीजिए। 15

अथवा

भाषा विज्ञान का स्वरुप स्पष्ट करते हुए उसकी व्यापकता पर प्रकाश डालिए।

2. स्वन विज्ञान के स्वरुप और उसकी शाखाओं का वर्णन कीजिए। 15

अथवा

व्यंजनों के वर्गीकरण का मुख्य आधार क्या है? स्थान के आधार पर व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

3. वाक्य विश्लेषण की निकटस्थ अवयव पद्धति का सोदाहरण विवेचना कीजिए। 15

अथवा

रूप विज्ञान क्या है? अर्थदर्शी और संबन्धदर्शी रूपिम का सोदाहरण विश्लेषण कीजिए।

4. अर्थ की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए शब्द और अर्थ के सम्बन्ध पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

अर्थ परिवर्तन की अर्थ विस्तार एवं अर्थ संकोच दशाओं का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

5. निम्नांकित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : 2×5

(क) भाषा व्यवस्था और भाषा व्यवहार को स्पष्ट कीजिए।

(ख) भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) स्वर ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(घ) स्वन गुण का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) मुक्त एवं आबद्ध रूपिम का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(च) पर्यायता को उदाहरण सहित समझाइए।

(छ) अर्थोपकर्ष की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(ज) रचना के आधार पर वाक्य के प्रकारों का विश्लेषण कीजिए।

6. निम्नांकित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×10

(क) भाषा की लघुतम इकाई क्या है ?

(ख) वाग्यंत्र मानव शरीर के किस अंग में स्थित है ?

(ग) किसी शब्द के प्रारंभ में लगाए जाने वाले शब्दांश को क्या कहते हैं ?

(घ) कृदन्त किसे कहते हैं ?

(ङ) अन्विति से क्या तात्पर्य है ?

(च) ध्वनि उच्चारण में सबसे गतिशील अवयव क्या है ?

(छ) महाप्राण ध्वनियां कौन सी हैं ?

(ज) तिल से उत्पन्न तेल में किस प्रकार का अर्थ परिवर्तन है ?

(झ) विलोमता का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ञ) व्यंजन लोप कितने प्रकार के होते हैं ?

(ट) 'राम ने रावण को बाण से मारा' वाक्य में कितने अर्थतत्व हैं ?

(ठ) भाषा से क्या अभिप्राय है ?

FD-503

M.A. 3rd Semester
Examination, Dec.-Jan., 2021-22

HINDI

Paper - III

कामकाजी हिन्दी एवं पत्रकारिता

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ रूप में लिखिए :

1. प्रयोजनमूलक हिन्दी को परिभाषित करते हुए हिन्दी के विविध रूपों को रेखांकित कीजिए। 15

अथवा

संक्षेपण का आशय व्यक्त करते हुए उसकी उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालिए।

2. पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण से सम्बन्धित सिद्धान्तों की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

कम्प्यूटर के विकास पर संक्षिप्त टिप्पणी करते हुए उसकी उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डालिए।

3. इंटरनेट सम्पर्क उपकरणों का परिचय देते हुए इंटरनेट समय मितव्ययिता के सूत्र का विवेचन कीजिए। 15

अथवा

'हिन्दी सॉफ्टवेयर पैकेज' पर एक समीक्षात्मक आलेख लिखिए।

4. समाचार के स्वरुप को स्पष्ट करते हुए उसके स्रोतों का विस्तार से परिचय दीजिए। 15

अथवा

'साक्षात्कार' से क्या अभिप्राय है? उसकी प्रक्रिया सविस्तार समझाइए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5

(क) संचारभाषा को स्पष्ट कीजिए।

(ख) अनुस्मारक क्या है? इसकी उपयोगिता बताइए।

(ग) कार्यालयी टिप्पणी के दो उदाहरण दीजिए।

(घ) पारिभाषिक शब्दावली के समन्वयवादी सिद्धान्त क्या है? लिखिए।

(ङ) आकार एवं सुविधा की दृष्टि से कम्प्यूटर के प्रकार बताइए।

(च) 'एडवोकेसी पत्रकारिता' को स्पष्ट कीजिए।

(छ) सम्पादकीय लेख से क्या तात्पर्य है?

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : 1×10

(क) 'सांस्कृतिक सेतु' किसे कहा गया है?

(ख) 'निजभाषा उन्नति अहे, सब भाषा को मूल' यह पंक्तियाँ किसकी हैं?

(ग) पृष्ठांकन का अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

(घ) विधि सम्बन्धी कोई दो पारिभाषिक शब्द लिखिए।

(ङ) की-बोर्ड कम्प्यूटर में किस प्रकार का उपकरण है?

(च) WWW के आविष्कारक का नाम लिखिए।

(छ) 'छत्तीसगढ़ मित्र' के सम्पादक का नाम लिखते हुए उसका प्रकाशन स्थल बताइए।

(ज) 'लीड' किसे कहा जाता है?

(झ) 'गोफर' क्या है ? बताइए।

(ञ) व्यक्तिगत साक्षात्कार में कितने व्यक्ति होते हैं ?

(ट) कम्प्यूटर वायरस क्या है ?

(ठ) 'प्रेस की स्वतंत्रता' किस मौलिक अधिकार में सम्मिलित है ? लिखिए।

FD-504

M.A. 3rd Semester
Examination, Dec.-Jan., 2021-22

HINDI

Paper - IV

भारतीय साहित्य

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 80

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. ''भारतीय साहित्य का स्वरुप उसकी मूलभूत सांस्कृतिक एकता से अनुप्राणित है।'' इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए। 15

अथवा

''हिन्दी साहित्य में भारतीय जीवन मूल्यों की अभिव्यक्ति हुई है।'' सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

2. मलयालम साहित्य के प्रारंभिक युग का विस्तार से वर्णन कीजिए। 15

अथवा

आधुनिक बंगला साहित्य की विविध विधाओं का परिचय दीजिए।

अथवा

''आधुनिक काल का मराठी साहित्य काफी समृद्ध है।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

3. ''बंगला और हिन्दी दोनों का उपन्यास साहित्य आधुनिक युग की देन है।'' दोनों का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए। 15

अथवा

हिन्दी साहित्य एवं बंगला साहित्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का तुलनात्मक विवेचन कीजिए।

4. महाश्वेता देवी द्वारा रचित 'अग्निगर्भ' उपन्यास के उद्देश्यों को वर्णित कीजिए। 15

अथवा

'कोच्चि के दरख्त' काव्य की भावगत विशेषताएं बताइए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) भारतीय साहित्य के प्रेमाख्यान काव्य पर प्रकाश डालिए।

(*ii*) चैतन्य महाप्रभु के अम्युदय का बंगला साहित्य पर क्या प्रभाव पड़ा?

(*iii*) 'किलिप्पाट्टु' नामक कविता का प्रवर्तन किसने किया? उसकी प्रवर्तन सम्बन्धी अवधारणाएं लिखिए।

(*iv*) कृत्तिदास रामायण पर टिप्पणी कीजिए।

(*v*) 'कोच्चि के दरख्त' में संकलित 'छिपकली' कविता का सार लिखिए।

(*vi*) 'अग्निगर्भ' उपन्यास में संकलित 'जल' नामक गल्प का सार प्रस्तुत कीजिए।

(*vii*) बंगला साहित्य में बंकिमचन्द्र चटर्जी का योगदान बताइए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(*i*) गीतांजलि की रचना किसने की?

(*ii*) भारतीय राष्ट्रीयता के बिम्ब बनकर उतरे 'वन्दे मातरम्' गीत के रचनाकार का नाम लिखिए।

(*iii*) जैन धर्म की भाषा कौन-सी है?

(*iv*) भारतीय साहित्य के आदि ग्रन्थ का नाम लिखिए।

(*v*) चण्डीदास किस भाषा के कवि थे?

(*vi*) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने आदिकाल को किस नाम से अभिव्यक्त किया?

(*vii*) रतन डोम किस गाँव का निवासी था?

(*viii*) 'कोच्चि के दरख्त' कविता संग्रह के लेखक कौन हैं?

(*ix*) मलयालम भाषा किस प्रदेश की भाषा है?

(*x*) आल्ह खण्ड के रचनाकार का नाम बताइए।

(*xi*) चर्या गीतों का दूसरा नाम क्या है?

(*xii*) रामचरित मानस की भाषा कौन सी है?

(*xiii*) 'मंगल काव्य' में कितने खण्ड होते हैं?